शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड

31/62, राजपुर रोड, देहरादून–248001

संख्याः–4254/ श0वि0नि0–विविध–92(स0अव0)/2012

देहरादून दिनांक23 दिसम्बर, 2022

विज्ञप्ति

शहरी विकास निदेशालय में सलाहकार (कन्सलटैन्ट) अवस्थापना का 01 पद एवं सलाहकार (कन्सलटैन्ट) ठोस अवशिष्ट प्रबन्धन का 01 सृजित पद आउटसोर्स पर बाह्य स्रोत से तैनाती माह फरवरी 2023 तक की अवधि के लिए अनुबन्ध के आधार पात्र अभ्यर्थियों से विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। शासन से उक्त पद पर तैनाती हेतु अगामी 11 माह की स्वीकृति प्राप्त होने पर सम्बन्धी अभ्यर्थी को तद्नुसार पुनः अनुबन्ध के आधार पर रखा जा सकेगा।

2– इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन पत्र का प्रारूप, पदों का निर्धारित शैक्षिक/तकनीकी योग्यता एवं अनुभव तथा सेवा शर्तो का विवरण विभागीय वेबसाईड–www.udd.uk.gov.in से डाउनलोड कर अपना आवेदन पत्र ई0–मेल–directorudd@gmail.com पर या लिफाफे के शीर्ष पर आवेदन किये जाने वाले पद को स्पष्ट रूप से उल्लेख करते हुए शहरी विकास निदेशालय के उक्त पते पर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रेषित कर सकते है। व्यक्तिगत रूप से कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

(नवनीत पाण्डे)
निदेशक।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– सचिव (प्रभारी), शहरी विकास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

2– विज्ञापन प्रबन्धक, दैनिक जागरण, देहरादून/टाईम्स आफ इण्डिया को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया उपरोक्त सूचना प्रदेश के सभी संस्करण में सर्वाधिक रूप से कम से कम स्पेस में (8X6से0मी0) में डी0ए0वी0पी0 की दरों पर प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

3– श्री चन्द्रप्रकाश रावत, एम0आई0एस0 विशेषज्ञ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति, आवेदन पत्र का प्रारूप तैयार कर तथा निर्धारित शर्ते/प्राविधान प्राथमिकता के आधार पर विभागीय वैबसाईट पर तत्काल अपलोड करना सुनिश्चित करें।

4– कार्यालय नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

5– गार्ड फाईल।

(नवनीत पाण्डे)
निदेशक।